(a) whether mono parts valued about Rs. one lakh have been stolen from the Government of India Press, Minto Road, New Delhi ;

(b) whether the same have not been recovered so far ;

(c) whether it is not clear negligence and admininistrative lapse on the part of vigilance/administrative authorities of that Press ; and

(d) the action Government taken against the concerned officers ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING (SHRI MOHAMMED USMAN ARIF) : (a) and (b). Yes, there have been five cases. They are under police investigation.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise, in view of answer to part (c).

साउथ एवेन्यू में पानी की कम सप्लाई

3106. श्री फूल चन्द वर्मा : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) साउथ एवेन्यू नई दिल्ली में पिछले दो महीने से पानी की कम सप्लाई में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ;

(ख) क्या 10.00 बजे मध्याह्न के बाद पानी के कम दबाव के कारण पानी टंकियों में भी उपलब्ध नहीं होता है और उसके परिणामस्वरूप लोगों को स्नान किए बिना रहना पड़ता है ;

(ग) यदि हां, तो पानी की कमी के क्या कारण हैं ; और

(घ) पानी की सामान्य सप्लाई कब से पुनः आरम्भ होने की आशा है, इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मोहम्मद उस्मान आरिफ) : (क) नई दिल्ली नगर पालिका ने उक्त क्षेत्र में बूस्टिंग पम्प वाला भूमिगत टैंक बनाने के लिए एक योजना आरम्भ की है। इस बारे में कार्य प्रगति पर है।

(ख) और (ग) नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा उक्त क्षेत्र में पानी की सप्लाई प्रातः 4.30 से 9.30 बजे तक और सायं 4.30 से 9.00 बजे तक उपलब्ध है।

(घ) बूस्टिंग प्रबन्धों सहित भूमिगत टैंक बन जाने से, नई दिल्ली नगर पालिका को पानी की सप्लाई की स्थिति में सुधार होने की आशा है। नई दिल्ली नगरपालिका को अगली गर्मियों का मौसम शुरू होने से पहले ही कार्य आरम्भ होने की आशा है।

'इफको' द्वारा फूलपुर में सोडा ऐश कारखाना खोलना

3107. श्री बी० डी० सिंह : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फूलपुर में इफको काम्पलैक्स में सोडा ऐश कारखाने की स्थापना करने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर आश्वासन दिये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उक्त सोडा ऐश कारखाने की स्थापना के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उसमें उत्पादन कब से आरम्भ होने की सम्भावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) से (ग) सरकार ने इण्डियन फारमर्स फर्टिलाइजर को-आपरेटिव लि० (इफको) के पक्ष में फूलपुर में एक सोडा ऐश संयन्त्र स्थापित करने के लिए आशय-पत्र जारी किया था। लागत में वृद्धि और कच्चे माल की उपलब्धता के अलावा सोडा ऐश उद्योग की स्थिति में हुई तब्दीलियों की दृष्टि से इफको परियोजना प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।